पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

## राज्यपाल ने लखीमपुर खीरी दुधवा प्रवास के दौरान दुधवा टाइगर रिजर्व के सभागार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की

————————

## राज्यपाल ने पदाधिकारियों से जिले में संचालित स्वास्थ्य, रक्तदान, आपदा राहत और जनजागरूकता से जुड़े अभियानों की रिपोर्ट ली तथा सदस्यता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए

———————

लखनऊ : 03 जून, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज लखीमपुर खीरी दुधवा प्रवास के दौरान दुधवा टाइगर रिजर्व के सभागार में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने पदाधिकारियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और समाजहित में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली।

राज्यपाल जी ने रेड क्रॉस सोसाइटी की मानवीय सेवा परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि संकट और आपदा की घड़ी में संस्था की भूमिका प्रेरणास्पद रही है। उन्होंने पदाधिकारियों से जिले में संचालित स्वास्थ्य, रक्तदान, आपदा राहत और जनजागरूकता से जुड़े अभियानों की रिपोर्ट ली और इन कार्यों को और व्यापक व प्रभावी रूप में आगे बढ़ाने निर्देश दिया तथा सदस्यता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

रेड क्रॉस के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था नियमित रूप से जरूरतमंदों की सहायता, दवाओं की उपलब्धता, रक्तदान शिविर, तथा स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करती है। राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि इन सेवाओं को दूरदराज के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक भी पहुंचाया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।

बैठक में डी0एम0 श्री दुर्गा शक्ति नागपाल, एस0पी0 श्री संकल्प शर्मा, सी0डी0ओ0 श्री अभिषेक कुमार, सी0एम0ओ0 डॉ संतोष गुप्ता, ए0डी0एम0 श्री नरेंद्र बहादुर सिंह, समिति के पदाधिकारी श्रीमती आरती श्रीवास्तव, डॉ रविंद्र शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे ।

———————

सम्पर्क सूत्र
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0—9161668080



